PART - I

Paper Code

**P-3**

302822

3

| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-I-A | 10 | 6 |
| Unit-I-B | 25 | 5.75 |
| Unit-I-C | 40 | 18 |
| Unit-II-A | 10 | 9.25 |
| Unit-II-B | 25 | 19.5 |
| Unit-II-C | 30 | 17 |
| Unit-III-A-A | 10 | 5.25 |
| Unit-III-A-B | 10 | 0.5 |
| Unit-III-B-A | 10 | 7 |
| Unit-III-B-B | 10 | 6 |
| Unit-III-C-A | 10 | 5 |
| Unit-III-C-B | 10 | 3.5 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 102.75 |
| Total Obt. Marks in Words | | One Hundred and Two+ ¾ |

**IDATE PLEAS**
परीक्षार्थी कृपय
e Answer Scrip
tten even in the
words, number
e examination o
for which the c
र कहीं पर भी पहच
( XYZ, ABC अ
अंक, आदि भी न
की जाकर भविष्य मे
।

**ANT INSTRUC**
-Answer Booklet
को प्रश्नोत्तर पुस्तिव
n or not printed p
ilator and change
या अमुद्रित है या
यर्थी का होगा।
rly on Cover Shee
o deduct 5 marks f
कवर पृष्ठ पर सभी
र आयोग द्वारा प्राप्त
s, in which some
Cover Sheet is not
पय सूचनाएँ पूर्वमुद्रि
से क्षतिग्रस्त नहीं हो
ferent units and pa
जित है। प्रत्येक यूि
।
ke either of printin
**treated as standa**
मुद्रण या तथ्यात्मक

nglish, not in both.
Hindi or English sp
क में दीजिये, दोनों
ए अलग से हिंदी या
ers only in the pres
de the border line
किसी भी प्रश्न का उ
बाहर लिखे गये उत्त
nswers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
estion out of many and the candidate attempts more than one question then only

का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी

ा प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार
द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as
ion shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

I
N
a
a
tl
प्र
दि
अ
म
ज

(A

(B

(C

(D

(E

(F

(G

(H

(I)

(J)

विशे
अभ्
का
Spe
If tl
iden

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY

परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile Number etc. Not to be written even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God, any religious sign, any irrelevant sentence, words, number other than the answer of question must not be written. Such act will be treated as unfair means and entire examination of the Candidate shall be cancelled and he may be debarred by the RPSC from all the future examinations, for which the candidate will be liable.**

**प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहां तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें ( XYZ, ABC अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक, आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of Invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen before** answering.. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet..
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet consists of two parts, in which some information is pre-printed; remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ कहीं से कटे–फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न–पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer out side the border line. Answer written out side the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जांचा जायेगा।

**विशेष नोट:**

अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना दी जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

**Special Note:**

If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**SPACE FOR ROUGH WORK**

# PAPER – III
## GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

(Total 200 Marks)
(Total 48 Questions)

**Unit – I** (75 Marks)
**(यूनिट – I)** (75 अंक)

**Part – A** Marks : 10
भाग – अ अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. Explain 'Fraternity' as mentioned in the Preamble of the Constitution of India.
भारत के संविधान की उद्देशिका में उल्लिखित 'बंधुता' को स्पष्ट कीजिए।

प्रस्तावना में 'राष्ट्र की एकता व अखण्डता' तथा 'व्यक्ति की गरिमा' को सुनिश्चित करने वाली बंधुता को अंगीकृत, अधिनियमित व आत्मार्पित किया गया है।
संविधान में 'एकल नागरिकता' से यह सुस्पष्ट होती है।

1.25(One¼)
(Q.Unit-I-A-1)

2. What is the role of Election Commission in Article 103 of the Constitution of India?
भारत के संविधान के अनुच्छेद 103 में निर्वाचन आयोग की भूमिका क्या है?

अनुच्छेद-103 के तहत संसद सदस्यों (सांसदों) की अयोग्यता के निर्धारण में निर्वाचन आयोग राष्ट्रपति को सलाह देता है।
राष्ट्रपति इसी सलाह के आधार पर सदस्यों को अयोग्य करार देता है।

1.25(One¼)
(Q.Unit-I-A-2)

3. What are the key points of 'Abraham Accords'?
'अब्राहम समझौते' के मुख्य बिन्दु क्या हैं?

USA की मध्यस्थता से इज़राइल व UAE के मध्य संपन्न -
① इसके तहत UAE व बहरीन ने इज़राइल को मान्यता दी
② द्वि राज्य सिद्धांत को प्राथमिकता दी जायेगी
③ शांति व्यवस्था स्थापित करने के प्रयास किये जायेंगे।
④ आपसी विवाद को मध्यस्थता से हल किया जायेगा।

1.25(One¼)
(Q.Unit-I-A-3)

4. What is 'THAAD'?
'थाड' क्या है?

THAAD = Terminal High Altitude Air defence system
USA की मिसाईल रक्षा प्रणाली है।
↳ केवल बेलेस्टिक मिसाईल हेतु।
भारत की – AAD व PAD

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-4)

5. Write four major issues discussed in G-20 Rome Summit 2021.
G-20 रोम शिखर सम्मेलन 2021 के चार प्रमुख मुद्दे लिखिए।

G-20 → फायनेंनसियल ट्रेक
→ शेरपा ट्रेक
{ मौद्रिक + राजकोषिय नीति में समन्वय }

मुद्दे: ① अंतर्राष्ट्रीय निवेश व वित्त पोषण
② आर्थिक अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग (eg. नीरव मोदी)
③ UN में सुधार
④ अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद रोकने में FATF की भूमिका पर्दाफाश
⑤ वैश्विक जलवायु परिवर्तन रोकने में UNEP की भूमिका

0.75(Zero¾)
(Q.Unit-I-A-5 )

## Part – B
## भाग – ब

**Marks : 25**
**अंक : 25**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. "The first cabinet of Independent Indian was not of political character but of national character." Support or oppose the statement with facts only.
"आज़ाद हिंदुस्तान का पहला मंत्रिमंडल राजनीतिक चरित्र का नहीं बल्कि राष्ट्रीय चरित्र का था।" केवल तथ्यों के साथ कथन का समर्थन या विरोध कीजिए।

स्वतंत्रता के पश्चात् पं० जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में प्रथम मंत्रिमण्डल गठित हुआ तथा डॉ० राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रपति थे। गृहमंत्री - वल्लभ भाई पटेल।

⊛ यह मंत्रिमण्डल राजनीतिक के बजाय राष्ट्रीय चरित्र का था क्योंकि कांग्रेस उस समय सबसे बड़ा आंदोलनकारी दल था, संविधान सभा में बहुमत के बाद सर्वसम्मति से मंत्रिमण्डल गठित हुआ जिसमें सबकी भागीदारी थी। ⊛ तात्कालिक परिस्थिति में शिक्षा व राजनीतिक जागृति की कमी, विखण्डित भारत को संघ बनाना, कृषि व कल्याणकारी योजनाएँ, आर्थिक विकास, मूलाधिकार प्रवर्तन समेत अनेक राष्ट्रीय जनकल्याणकारी कार्यों के लिए कहा जा सकता है कि यह राष्ट्रीय चरित्र का था

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-I-B-6)

7. Chief Justice Ramana said that the tendency to brand judicial review as judicial overreach is not correct. What does he mean?
मुख्य न्यायमूर्ति रामन्ना ने कहा है कि न्यायिक समीक्षा को न्यायिक अतिरेक के रूप में प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति ठीक नहीं है। उनके इस कथन का क्या अर्थ है?

न्यायमूर्ति रमन्ना का यह कथन स्वतंत्र न्यायपालिका व न्यायिक पुनरवलोकन (केशवानंद भारती वाद-1973) तथा न्यायपालिका के सम्पूर्ण न्याय (अनु-142) के परिप्रेक्ष्य

में कहा गया है।

वर्तमान समय में राजनीतिक दलों व मीडिया द्वारा इस प्रावधान को न्यायपालिका की निरंकुशता के रूप में प्रदर्शित किया जाता रहा है।

परन्तु [अनु-21] - मेनका गांधी वाद - 1978 के अनुसार न्यायपालिका विधायिका की स्वेच्छाचारिता, नैसर्गिक न्याय के हनन को रोकने हेतु न्यायिक समीक्षा कर मानवीय अधिकारों की रक्षा करती है।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-B-7)

1(One)
(Q.Unit-I-B-7)

8. Explain the constitutional provision to remove the President of India from his office.
भारत के राष्ट्रपति को पद से हटाने के सांविधानिक प्रावधान को स्पष्ट करें।

अनुच्छेद-(61) में महाभियोग का प्रावधान है। राष्ट्रपति को हटाने का कारण - ① संविधान का अतिक्रमण।

⊙ प्रस्ताव:- किसी भी सदन में पेश किया जाता है परन्तु लोकसभा में (100) हस्ताक्षर व RS में (50) हस्ताक्षर

⊙ प्रक्रिया:- प्रथम सदन आरोप लगाता है तथा द्वितीय सदन इन आरोपों की जाँच करता है व राष्ट्रपति को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता है।

⊙ पारित:- लोकसभा में 2/3 बहुमत से पारित होता है तथा राज्यसभा में 2/3 बहुमत से पारित हो।

त्यागपत्र → उपराष्ट्रपति को।

1(One)
(Q.Unit-I-B-8)

1(One)
(Q.Unit-I-B-8)

9. Explain the concept of 'one sun, one world, one grid'.
'एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड' की अवधारणा को स्पष्ट करें।

UNFCCC के ग्लासगो सम्मेलन (UK) - 2021 में

भारत व UK द्वारा OSOWOG पहल (वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड) शुरू की गयी। इसके तहत ऊर्जा के नवीनीकरणीय विकल्प सोलर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देना है।

इसके तहत सोलर प्लांट की स्थापना, ग्रिड-सिस्टम व ऊर्जा सप्लाई को दुरुस्त करना है। भारत ने "अंतर्राष्ट्रीय सोलर अलायंस (2016)" के तहत प्रावधान किया।

10. Describe the main features of First Assembly Election in Rajasthan, after independence.
स्वतंत्रता पश्चात्, राजस्थान में प्रथम विधानसभा चुनाव की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

* शुरुआत में कांग्रेस की उपस्थित ना होने के कारण व सामंतों द्वारा रामराज्य परिषद, स्वतंत्र पार्टी, भारतीय जनसंघ को समर्थन देने के कारण कांग्रेस की नाजुक स्थिति के बावजूद कांग्रेस की सरकार बनी। * जयनारायण व्यास CM दावेदार परन्तु चुनाव में हारने के कारण पहले CM टीकाराम पालीवाल को बनाया गया * लाल सिंह शक्तावत - स्पीकर
* महिलाओं व वृद्धजन की भागीदारी सीमित रही
* जाति आधार पर मतदान को प्रभावित किया गया
* J.N. व्यास उपचुनाव जीतकर CM बने परन्तु आपसी मतभेद के कारण C.S. वेंकटाचारी को शासक किया गया)

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-B-9)

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-I-B-9)

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-I-B-10)

1(One)
(Q.Unit-I-B-10)

## Part – C
## भाग – स

**Marks : 40**
अंक : 40

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **100 - 100** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं।

11. Describe the features and evolution of Judicial Review in India.
भारत में न्यायिक पुनर्विलोकन की विशेषताओं एवं उद्विकास का वर्णन कीजिए।

उद्विकास :- भारतीय संविधान में न्यायिक प्रावधान USA से लिये गये हैं जैसे– स्वतंत्र न्यायपालिका, न्यायिक पुनरवलोकन

⊛ आरंभ में Art - 21 { किसी भी व्यक्ति को विधि के द्वारा स्थापित प्रक्रिया के बिना प्राण व दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित नहीं किया जायेगा } में विधि की स्थापित प्रक्रिया को ही मान्यता दी गई { गोपालन वाद – 1950 }

⊛ मेनका गांधी वाद में विधि की सम्यक प्रक्रिया को माना

⊛ केशवानंद भारती वाद -(1973) मे न्यायालय द्वारा "संविधान के मूल ढाँचे" की अवधारणा में न्यायिक पुनरवलोकन मे महत्ता दी

⊛ अनुच्छेद - 32 के तहत व Art - 226 के तहत रिट अधिकार

⊛ Art - 13(2), 32, 131, 132, 133, 134, 135, 136, 146, 246, 256 अप्रत्यक्ष रूप से न्यायिक पुनरवलोकन को मान्यता देते हैं

Eg.→ अनुच्छेद -(21), अनुच्छेद -(124) व अनुच्छेद -(368).

⊛ विशेषताएँ :- ① भारतीय न्यायिक पुनरवलोकन न्यायपालिका की स्वतंत्रता तथा शक्ति पृथक्करण को दर्शाता है

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-C-11 )

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-C-11 )

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-C-11 )

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-C-11 )

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-C-11 )

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-C-11 )

② विधायिका व कार्यपालिका की निरंकुशता को संकलित करता है
③. नैसर्गिक न्याय, मूलाधिकारों व मानव जीवन की रक्षा करना
④. प्रशासन पर नियंत्रण स्थापित करता है
⑤ न्यायिक प्रक्रिया को लोकतांत्रिक व भागीदारी पूर्ण बनाता है
⑥ दमित व शोषित वर्ग के हितों की अभिरक्षा
⑦. कानून की अक्षरशः पालना की बजाय तार्किकता व विधि-संगतता को प्रोत्साहन देकर समाज सुधार का कार्य।

1.5(One½)
(Q.Unit-I-C-11 )

12. Differentiate the working of Planning Commission and Niti Aayog and its impact on Indian Federalism.
योजना आयोग और नीति आयोग की कार्यप्रणाली में अंतर तथा भारतीय संघवाद पर उसके प्रभाव का वर्णन करें।

नीति आयोग को 2015 में थिंक टैंक के रूप में योजना आयोग की जगह प्रतिस्थापित किया गया।

| नीति आयोग | योजना आयोग |
|---|---|
| संरचना → अध्यक्ष, Governing कॉउंसिल व Regional काउंसिल | → अध्यक्ष |
| शाखा → ① शोध शाखा व ② परामर्शदात्री शाखा | → केवल सलाहकारी शाखा |
| ⊛ राज्यों व ग्राम स्तर की सक्रिय भागीदारी | ⊛ अप्रत्यक्ष भागीदारी |
| ⊛ जनसांख्यिकी लाभांश को महत्व | ⊛ नहीं [सर्वव्यापी] |

⊛ संघवाद पर प्रभाव :- नीति आयोग व योजना आयोग दोनों ने ही सहकारी संघवाद को

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-C-12)

प्रोत्साहन दिया। आयोग नें राज्यों की सक्रिय सहभागिता तथा ग्राम स्तर पर नीति हेतु विश्वसनीय तंत्र बनाया तथा सशक्त राज्य से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण

⇒ गरीब व पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा व दीर्घकालिक रणनीति तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों का ध्यान रखा

(*) प्रतिस्पर्धी संघवाद को बढ़ाया जैसे = ① "ईज ऑफ डूईंग बिजनेस" रैंक, ② सतत विकास रैंक व विभिन्न उपकरणों के माध्यम से राज्यों को श्रेणीवार क्रम देकर राज्यों के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाया।

1.5(One½)
(Q.Unit-I-C-12)

13. Discuss the strategic role played by 'Quad' in the Indo-Pacific Region.

हिंद–प्रशांत क्षेत्र में 'क्वाड' की रणनीतिक भूमिका का विवेचन कीजिए।

हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत, USA, ऑस्ट्रेलिया व जापान द्वारा क्वाड का गठन किया गया है।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-C-13)

→ यह एक महत्वपूर्ण सामरिक व रणनीतिक भागीदारी है जिसका उद्देश्य हिंद- प्रशांत क्षेत्र में केंद्रित है।

1(One)
(Q.Unit-I-C-13)

→ चीन के बढ़ते हुये प्रभाव को कम करना तथा उसकी गलत व अव्यवहारिक नीतियों को प्रदर्शित करना

1(One)
(Q.Unit-I-C-13)

→ हिंद- प्रशांत क्षेत्र में आतंकवाद पर चर्चा करना व सामूहिक भागीदारी से "Counter terrorism" पर कार्य करना

→ इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार- वाणिज्य को बढ़ावा

देकर आर्थिक भागीदारी को बढ़ाया गया है।

→ बहुध्रुवीय विश्व का निर्माण

→ वैश्विक जलवायु परिवर्तन तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श कर निवारक क्षमता विकसित करना।

→ भारत-USA-जापान द्वारा "एशिया-अफ्रीका ग्रोथ कॉरिडोर" के निर्माण के माध्यम से समृद्धि को बढ़ाना।

वर्तमान समय भारत द्वारा हिंद महासागर की सुरक्षा, रक्षा व विकास हेतु क्वाड का निर्माण सार्थक व महत्वपूर्ण कदम है।

क्वाड को विपक्षी राष्ट्रों द्वारा "Asian NATO" की संज्ञा दी गई है अतः इसे अपना उद्देश्य स्पष्ट कर, सचिवालय का गठन कर निरंतर बैठकों के माध्यम से विश्व समुदाय को सकारात्मक संदेश देना चाहिये।

1(One)
(Q.Unit-I-C-13)

1.5(One½)
(Q.Unit-I-C-13)

1(One)
(Q.Unit-I-C-13)

14. Give suggestions for effective working of Gram Sabha in Rajasthan.
राजस्थान में ग्राम सभा की प्रभावी कार्यप्रणाली के लिए सुझाव दीजिए।

73 वें संविधान संशोधन, "पंचायतीराज" के तहत अनुच्छेद-243(A) - ग्राम सभा का गठन किया गया है। ग्राम पंचायत सर्किल के पंजीकृत मतदाताओं द्वारा, सरपंच की अध्यक्षता, 2 बैठकों का प्रावधान है।

ग्रामसभा सामाजिक सौहार्द को बढ़ाकर सामाजिक अंकेक्षण इकाई के रूप में कार्यरत है।

प्रभावी कार्यप्रणाली हेतु :- ① निरंतर बैठकों का आयोजन करना चाहिये। राजस्थान में वर्ष में

1.5(One½)
(Q.Unit-I-C-14)

चार बैठकों का प्रावधान है, उसे लागू करना चाहिये।
(2) वित्तीय स्रोतों की उपलब्धता आसान होनी चाहिये ताकि लाभार्थियों की पहचान कर समय पर श्रम व नकद सहायता दे
(3) अध्यक्ष व सदस्यों का योग्यता आधारित चयन हो
(4). कुशल व प्रशिक्षित कर्मचारी व सदस्यों के द्वारा आवश्यकता शोध को बढ़ावा देना चाहिये। (5) जनभागीदारी को अधिकाधिक बढ़ना चाहिये। (6) जनजागरूकता को बढ़ावा। (7) सरकारी व राजनीतिक हस्तक्षेप को नियमित किया जाये। (8) समय पर गठन अनिवार्य है।
(9). भौतिक व मानवीय संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता हो
(10). तकनीकी उपकरणों, अनुदान-नकद, समावेशिता को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये।

4(Four)
(Q.Unit-I-C-14)

## Unit – II
## (यूनिट – II)

(65 Marks)
(65 अंक)

### Part – A
### भाग – अ

Marks : 10
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. What is the difference between Unity of Command and Unity of Direction?
आदेश की एकता एवं निर्देश की एकता में क्या अंतर है?

| आदेश की एकता | निर्देश की एकता |
| --- | --- |
| (1) संगठन में अधीनस्थ केवल एक उच्चाधिकारी से आदेश | → इसके तहत समान उद्देश्यों वाली योजनाओं का क्रियान्वयन |

| | |
|---|---|
| प्राप्त करते हैं। | केवल एक ही जगह से हो। |
| ④ आदेशों व कार्यों का दोहराव व टकराव रुकता है | ② अपव्यय में कमी व कार्यों का अतिव्यापन रुकता है। |
| ⑤ अधीनस्थ अभिप्रेरित | ③ प्रशासन दुरुस्त होता है। |

2(Two)
(Q.Unit-II-A-1)

2. Explain managerial view about the nature of administration.
प्रशासन की प्रकृति के सम्बन्ध में प्रबंधकीय दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

यह दृष्टिकोण संगठन में कार्यरत उच्चाधिकारियों को ही प्रशासन का भाग मानता है जो POSDCoRB संबंधी कार्य करते हैं तथा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हैं।
→ यह संकुचित दृष्टिकोण है।
→ समर्थक, साईमन, स्मिथबर्ग

1.75(One¾)
(Q.Unit-II-A-2)

3. What is Vote on Account?
लेखानुदान क्या है?

लेखानुदान

अनुच्छेद-116 के तहत यदि बजट पेश कर दिया गया है परन्तु समय पर पारित नहीं हुआ है, तो बजट पारित होने तक के समय के लिये संसद द्वारा खर्चों के निपटान हेतु धनराशि की मांग की जाती है। एक बार में सामान्यतः 2 माह (1/6) के खर्चे की मांग की जाती है। बजट पारित होने पर यह व्यय उसमें काट लिया जाता है।

1.5(One½)
(Q.Unit-II-A-3)

4. Define Corporate Social Responsibility.
कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को परिभाषित कीजिए।

कंपनी एक्ट-2013 की धारा-135 में CSR का प्रावधान है इसके तहत कोई कंपनी लाभार्जन के बदले जनकल्याण

व सामाजिक विकास के कार्य करती है। जैसे- प्रोजेक्ट सखी (हिंदुस्तान लिंक), नन्ही कली (Mahindra)

धारा-135 के अनुसार यदि :- Turnover - 1000 करोड़, नेट वर्थ- 500 करोड़ या नेट प्रोफिट - 5 करोड़ हो तो (2%) जनकल्याणकारी कार्यों में खर्च करें)

2(Two)
(Q.Unit-II-A-4)

5. What is Formal Delegation?
औपचारिक प्रत्यायोजन क्या है?

संगठन में उच्चाधिकारी यदि वैधानिकता तथा विभागीय नियमों - विनियमों तथा लिखित आधार पर अधीनस्थों को कार्य, सत्ता व उत्तरदायित्व सौंपे तो इसे औपचारिक प्रत्यायोजन कहते है।

तत्व → कार्य
→ सत्ता
→ उत्तरदायित्व

2(Two)
(Q.Unit-II-A-5)

## Part – B
भाग – ब

**Marks : 25**
अंक : 25

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.
**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. Mention various forms of judicial control over administration.
प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण के विभिन्न रूपों का उल्लेख कीजिए।

न्यायिक नियंत्रण

Art-(32) के तहत रिट आधिकारिता / ① बंदी प्रत्यक्षीकरण ② परमादेश ③ प्रतिषेध, ④ उत्प्रेषण, ⑤ अधिकार पृच्छा ⑥ निषेधाज्ञा

सामान्य नियंत्रण – ① न्यायिक पुनरवलोकन (Art – 13(4), 21, 124, 131, 132, 136)

② सरकार के विरुद्ध दावे

③ सरकारी अधिकारी के विरुद्ध दावे (कुछ मामलों में निषेधित)

④ वैधानिक अपील (कानून में अपील के प्रावधान के तहत)

4(Four)
(Q.Unit-II-B-6)

7. Enlist major difference between conventional and development administration.
परम्परागत एवं विकास प्रशासन के मध्य प्रमुख अन्तर की परिगणना कीजिए।

| विकास प्रशासन | परम्परागत प्रशासन |
|---|---|
| ① लोककल्याणकारी राज्य की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है | → नियामकीय राज्य की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है |
| ② मुख्य कार्य – शांति व्यवस्था + विकास | → कार्य – केवल शांति व्यवस्था बनाय |
| ③ सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक परि॰ आधारित बहुआयामी अवधारणा | → एकलआयामी व संकुचित अवधारणा |
| ④ लक्ष्योन्मुखी व समयोन्मुखी | → नियमों पर अधिक बल |
| ⑤ ग्राहकोन्मुखी, परिणामोन्मुखी प्रशासन | → ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं |
| ⑥ (4P) – Plan, Policy, प्रोग्राम, Project | → 4P का अभाव |

4.5(Four½)
(Q.Unit-II-B-7)

8. Differentiate between Secretariat and Directorate.
सचिवालय एवं निदेशालय में भेद कीजिए।

| सचिवालय | निदेशालय |
|---|---|
| ① यह नीति-नियमों का निर्माण करता है। | → नीति-नियमों का क्रियान्वयन करता है। |
| ② उच्चस्थ प्रशासनिक निकाय | → अधीनस्थ प्रशासनिक निकाय |
| ③ लाईन एजेंसी | → स्टाफ एजेंसी |

| सचिवालय | निदेशालय |
|---|---|
| (4) अधिकारी - सचिव के नाम से | → अधिकारी निदेशक के नाम से |
| (5) राजनीतिज्ञों से अधिक निकटता | → कम निकटता |
| (6) अंतर्विभागीय स्थानांतरण होता है | → नहीं होता |

2.5(Two½)
(Q.Unit-II-B-8)

9. Analyze the impact of lateral entry system in higher civil services.
उच्च लोक सेवाओं में पार्श्विक प्रवेश (लेटरल एण्ट्री) के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए।

लेटरल एंट्री संयुक्त सचिव के समतुल्य पद पर विषय विशेषज्ञ व्यक्ति की साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती है।

(+) सकारात्मक प्रभाव :- ① विशेषज्ञता को प्रोत्साहन मिलेगा। ② सामान्यज्ञ - विशेषज्ञ विवाद समाप्त होगा। ③ कार्यों व विभागों की दक्षता व कार्यकुशलता बढ़ेगी व ④ निष्पादन में सुधार

(−) नकारात्मक प्रभाव :- ① बाह्य व्यक्ति की कार्यसंस्कृति अलग होती है ② सामञ्जस्य का अभाव

सुझाव :- साझा प्रशिक्षण के माध्यम से सामंजस्य बढ़ाना

4.5(Four½)
(Q.Unit-II-B-9)

10. Discuss the jurisdiction of Lokayukta in Rajasthan.
राजस्थान में लोकायुक्त के क्षेत्राधिकार की विवेचना कीजिए।

(•) निम्न के प्रति जाँच कर सकता है ⇒
① राज्य के मंत्री ② राज्य सरकार के अधिकारी व कर्मचारी ③ राज्य सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारी
④ महापौर, उपमहापौर, सभापति आदि, जिला प्रमुख, उप-जिला प्रमुख आदि)

⑥ निषेधित :- ① मुख्यमंत्री ② सरपंच, वार्डपंच व विधायक
③ RPSC के अध्यक्ष, सदस्य ④ निर्वाचन आयोग ⑤ महालेखाकार
⑥ न्यायिक सेवा के अधिकारी ⑦ सचिवालय कर्मचारी
⑧ 5 वर्ष से पुरानी शिकायत/मामले पर नहीं।

4(Four)
(Q.Unit-II-B-10)

## Part – C
## भाग – स

**Marks : 30**
**अंक : 30**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **100 - 100** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं।

11. Evaluate the salient features of the Rajasthan Right to Hearing Act, 2012.
राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम, 2012 की प्रमुख विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए।

राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम अगस्त 2012 को प्रभावी हुआ। इसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसी के क्षेत्र में कतिपय मामलों में सुनवाई का अधिकार प्रदान करना है।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-C-11)

विशेषताएँ :- ① इसके तहत प्रत्येक विभाग व कार्यालय में जनसुनवाई अधिकारी नियुक्त किया जाता है जैसे - VDO, पटवारी

1(One)
(Q.Unit-II-C-11)

② राज्य की लोक-कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं की प्राप्ति में आने वाली समस्याओं को दूर करना।

③ राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम-2011 के तहत प्राप्त होने वाली (25) से अधिक विभागों की सेवाओं को शामिल करना।

④ यह अधिनियम व्यक्ति / उपभोक्ता के संतुष्ट ना होने पर या सेवा प्राप्त ना होने पर अपील का अधिकार देता है

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-C-11)

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-C-11)

(5) त्रि-स्तरीय अपीलीय व्यवस्था — प्रथम स्तर → 15 दिन में निपटारा किया जाये ~~30 दिन~~ (30) दिन में

द्वितीय स्तर पर – (21) दिन में निपटारा ; (30) दिन में

तृतीय स्तर पर अपील की जाती है।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-C-11)

(6) जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करता है

(7) प्रशासन की जवाबदेहिता, ~~भागीदारी~~ बढ़ता है तथा भ्रष्टाचार में कमी आती है।

हालाँकि जनजागरूकता के अभाव, व्यापकता के अभाव, अपीलीय अधिकारी द्वारा अपने ही विभाग के सदस्य पर कार्यवाही करने के दबाव आदि इसकी कमियाँ हैं

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-C-11)

यद्यपि जनभागीदारी, जनकल्याण व सुशासन का माध्यम भी है।

12. "The aim of good governance and morality in civil services can be achieved through following the Gandhi's Seven Social Sins concept." Analyze.
"सुशासन तथा लोक सेवाओं में नैतिकता के लक्ष्य गाँधीजी द्वारा बतायी गयी सात सामाजिक बुराइयों की अवधारणा को जानकर प्राप्त किए जा सकते हैं।" विश्लेषण कीजिए।

एक प्रशासनिक अधिकारी सुशासन का उपकरण है। लोक सेवाओं में नैतिकता को प्राप्त करने के लिए निजी जीवन व सार्वजनिक जीवन की आचार संहिता निर्मित की गई है तथा विभिन्न समितियों द्वारा लोकसेवा नैतिकता के लक्ष्य तय किये गये हैं जैसे - (1) वस्तुनिष्ठता (2) निष्पक्षता (3) पारदर्शिता (4) ईमानदारी (5) जवाबदेहिता (6) सत्यनिष्ठा (7) नेतृत्व (8) संवेदनशीलता (9) चेतना (10) योग्यता (11) समर्पण (12) तटस्थता आदि

इन मूल्यों को गांधीजी के ⑦ कुराइयों द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। जैसे -

① नैतिकता के बिना वाणिज्य :- लक्ष्य प्राप्ति में नैतिकता बनाये रखने में सहायक।

② काम के बिना धन :- कर्तव्य पालन को प्रेरणा, सत्यनिष्ठा प्रेरित

③ अन्तरात्मा के बिना सुख :- ईमानदारी को प्राप्त किया जायेगा।

④ चरित्र बिना ज्ञान :- व्यक्ति के चरित्र सुधार करने को महत्व सत्यनिष्ठा व उच्च चेतना को प्रोत्साहन

⑤ मानवता के बिना विज्ञान :- इससे समाज व मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती जाती है।

⑥ सिद्धांत बिना राजनीति :- व्यक्ति सैद्धांतिक होगा, तटस्थता, वस्तुनिष्ठता को प्राप्त किया जायेगा।

⑦ त्याग बिना पूजा :- व्यक्ति को कार्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्राप्त होती है।

लोकसेवक संविधान, मूल्यों व कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहकर सुशासन व नैतिकता को प्राप्त करेगा।

6.5(Six½)
(Q.Unit-II-C-12)

13. Analyse the roles of the District Collector vis-a-vis Superintendent of Police in maintaining the law and order in a district.
किसी जिले में कानून एवं व्यवस्था के संधारण हेतु जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की भूमिकाओं का विश्लेषण कीजिए।

① जिला कलक्टर की भूमिका :- जिला कलक्टर जिले में मुख्य दण्डनायक की भूमिका निर्वहन

करता है। वह जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अंतिम उत्तरदायी है।

(*) SP के साथ मिलकर पुलिस को निर्देशित, समन्वयित करता है

(*) उपद्रव आदि की आशंका में धारा-144, कर्फ्यू आदि लगा सकता है।

(*) कैदियों को पैरोल पे भेजना।

(*) वार्षिक अपराध रिपोर्ट तैयार करवाना।

(*) होटल, हथियारों के लाइसेंस तथा विस्फोटकों के लाइसेंस देना (*) रात्रिकालीन Postmortem, (*) अपराध, दंगों आदि स्थितियों का मूल्यांकन करना (*) पुलिस प्रशासन को विभिन्न अनुमतियाँ प्रदान करना

(*) पुलिस अधीक्षक की भूमिका :- (*) SP जिला पुलिस का निर्देशक, नियंत्रक व समन्वयकर्ता है। वह कलेक्टर के साथ मिलकर इसका संचालन करता है।

(*) पुलिस के वाहनों, हथियारों, दस्तावेजों का रख रखाव

(*) पुलिस का गणवेश निरीक्षण

(*) राउडी लिस्ट तैयार करवाना (*) विभिन्न स्थितियों में वह स्वयं F.I.R. प्राप्त करता है।

(*) अन्य रक्षा एजेंसियों से संपर्क बनाये रखता है।

अतः एक जिले में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सम्मिलित रूप से पुलिस संरक्षक के रूप में कानून व्यवस्था बनाये रखते हैं।

7(Seven)
(Q.Unit-II-C-13)

## (Unit – III) (Section – A)
## (यूनिट – III) (सेक्शन – A)

(20 Marks)
(20 अंक)

### Part – A
### भाग – अ

Marks : 10
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. Name the award for excellence in sports in Rajasthan given annually and write the hierarchy of its selection committee.

राजस्थान में खेलों में उत्कृष्टता के लिए वार्षिक रूप में दिए जाने वाले पुरस्कार का नाम लिखते हुए इसकी चयन समिति का पदानुक्रम लिखिए।

नाम = महाराणा प्रताप अवार्ड (RSSC द्वारा, प्रतिवर्ष, ① लाख रु)
समिति :- ① RSSC के अध्यक्ष ② RSSC के सचिव
③ खेल प्रशासक ④ शासन उप सचिव
⑤ 2 राजस्थान के खिलाड़ी
कुल सदस्य = ⑥.

1.75(One¾)
(Q.Unit-III-A-1)

2. Write the types of yoga according to Yograj Upanishad.

योगराज उपनिषद के अनुसार योग के प्रकार लिखिए।

प्रकार :-
① ज्ञान योग ② भक्ति योग
③ कर्म योग ④ राज योग
⑤ हठ योग ⑥ मंत्र/जप योग
⑦ लय योग

2(Two)
(Q.Unit-III-A-2)

3. Write the contribution of Sh. Magan Singh Rajvi in Rajasthan sports.
राजस्थान के खेलों में श्री मगनसिंह राजवी के योगदान को लिखिए।

श्री मगनसिंह राजवी ने अंतरस्तर पर राजस्थान में स्वदेशी खेलों के स्तर को बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रशिक्षक के रूप में उन्हें "गुरु वशिष्ट अवॉर्ड" भी प्राप्त हुआ है।

0 (Zero)
(Q.Unit-III-A-3)

4. Name any 4 sports academies governed by Rajasthan State Sports Council.
राजस्थान राज्य खेल परिषद द्वारा संचालित किन्हीं चार खेल अकादमियों के नाम लिखिए।

① SMS स्टेडियम क्रिकेट अकादमी जयपुर
② जयपुरिया क्रिकेट अकादमी
③ आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर – डूंगरपुर
④ माउंट आबू केंद्र ⑤ जयपुर केंद्र (2017)

0 (Zero)
(Q.Unit-III-A-4)

5. Name the paraplayers and their sports who were awarded Major Dhyanchand Khel Ratan Award in 2021.
मेजर ध्यानचंद खेल रतन पुरस्कार 2021 से सम्मानित पैरा–खिलाड़ियों के नाम उनके खेल सहित लिखिए।

① अवनि लेखरा (शूटिंग)
② कृष्णा नागर (बेडमिंटन)
③ सुमित अंतिल (शूटिंग)
④ प्रमोद भगत (बेडमिंटन)

1.5(One½)
(Q.Unit-III-A-5)

## Part – B
## भाग – ब

**Marks : 10**
**अंक : 10**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. What is the significance of scientific backup to sports person in National Sports Policy?
राष्ट्रीय खेल नीति में खिलाड़ियों के वैज्ञानिक पूर्तिकर का क्या महत्त्व है?

राष्ट्रीय खेल नीति के अनुसार वैज्ञानिक बैकअप वह व्यवस्था है जिसके तहत किसी खिलाड़ी को रोजगार की सुरक्षा दी जाये। साथ ही वैज्ञानिक प्रशिक्षण पद्धतियों से उत्कृष्टता को बढ़ाकर उच्च प्रशिक्षित किया जाये।
भारत में खेल को कैरियर विकल्प के रूप में अपनाने को बढ़ावा देने हेतु तथा खेलों व खिलाड़ियों की जीवन सुरक्षा के उद्देश्य हेतु वैज्ञानिक पूर्तिकर एक सकारात्मक उपाय है।

0.5(Zero½)
(Q.Unit-III-B-6)

7. What is rehabilitation in sports? Define TENS therapy.
खेलों में पुनर्स्थापन क्या है? टी.ई.एन.एस. चिकित्सा को परिभाषित कीजिए।

खेलों में या प्राथमिक उपचार के दौरान चोटिल व्यक्ति को पुनर्स्थापना हेतु निम्न प्रयोग में लिया जाता है।
Ⓢ → Stop the Game
Ⓐ → Ask the Player
Ⓛ → Look the Injury
Ⓣ → Touch the injury
Ⓟ → passive movement
Ⓐ → Active movement
Ⓢ → Stand up and Start the Game.

0 (Zero)
(Q.Unit-III-B-7)

**(Unit – III) (Section – B)** **(20 Marks)**

**(यूनिट – III) (सेक्शन – B)** **(20 अंक)**

**Part – A** **Marks : 10**

भाग – अ अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. What is meant by Emotional Intelligence?
   संवेगात्मक बुद्धि से क्या आशय है?

सेलोवी व मेयोर के अनुसार दूसरे के भावों को समझना व मूल्यांकन करना तथा अपने भावों को समझना व उन्हें नियंत्रित करना E.I. है।

PUUM model → Perceiving, Use, Utilise, Manage

1(One)
(Q.Unit-III-A-1)

2. Which are the big five factors of personality?
   व्यक्तित्व के बृहद् पाँच कारक कौन से हैं?

पॉल कास्टा व रॉबर्ट मैक्रे के अनुसार -

① खुलापन (openness) ② कर्तव्य निष्ठा

③ बहिर्मुखता ④ सहमतिजन्यता (Agreableness)

⑤ तंत्रिकातापी (Neuroticism)

2(Two)
(Q.Unit-III-A-2)

3. Write about the three stages of memory.
   स्मृति की तीन अवस्थाओं के बारे में लिखिए।

By:- अटकिंसन व शिफरिन

| ① प्रथम :- संवेदी मेमोरी | द्वितीय (STM) अल्पकालिक स्मृति | तीसरी (LTM) दीर्घकालिक स्मृति |
|---|---|---|
| Storage सीमा वृहद | Storage सीमा 7±2 | Storage - असीमित |
| समय = less then 1 sec. | समय - 30 sec. | समय → जीवनपर्यंत |

सूचना ग्रहण करना → ध्यान → अभ्यास

0.5(Zero½)
(Q.Unit-III-A-3)

4. Mention the sources of stress.
तनाव के स्त्रोत बताइए।

तनाव कई स्रोतों से उत्पन्न होता है जैसे –
① जीवन की घटनायें ⇒ दिन-प्रतिदिन की
② परेशान करने वाली घटनायें ⇒ traffic जाम में फसना
③ आघातक घटनायें = आग, बाढ़, हादसा आदि
④ अन्य कारक = सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक कारक

1.5(One½)
(Q.Unit-III-A-4)

5. Define intelligence.
बुद्धि को परिभाषित करिये।

परिवेश को समझने, विवेकपूर्ण चिंतन करने व समस्या समाधान के लिये उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की योग्यता ही बुद्धिमता है।
अल्फ्रेड बिने के अनुसार – अच्छा बोध, तर्क व निर्णय बुद्धि जैसे सामान्यतः इसका अर्थ ज्ञान, प्रतिभा, प्रज्ञा, समझ से लेते हैं।

2(Two)
(Q.Unit-III-A-5)

**Part – B**
**भाग – ब**

**Marks : 10**
**अंक : 10**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों का उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. Describe the major projective measures of personality.
व्यक्तित्व के प्रमुख प्रक्षेपीय मापों का वर्णन करिये।

प्रक्षेपीय मापों के माध्यम से अचेतन अभिप्रेरणाओं व भावनाओं का मूल्यांकन किया जाता है। प्रमुख माप –
① रोशार्क इंकब्लॉट परीक्षण ⇒ ⑩ cards पर प्रतिक्रिया
② कथानक संप्रत्यक्षण परीक्षण (TAT) ⇒ उमा चौधरी – Indian TAT
③ वाक्य समापन परीक्षण ⇒ अधूरे वाक्य को पूरा करना

2(Two)
(Q.Unit-III-B-6)

④. रोजेनवीग चित्रगत कुंठा परीक्षण

⑤ व्यक्तंकन चित्रण विधी → Drawing कला

7. Explain the strategies of stress management.
तनाव प्रबन्धन की युक्तियों को समझाइए।

① विश्रांति तकनीक द्वारा दिमाग व शरीर को आराम देकर

② योग, निरन्तर अभ्यास, ध्यान, आसन द्वारा

③ बायो फीडबैक → अपने मनोभावों को जानना व नियंत्रण करना तथा सकारात्मक दिशा में मोड़ना

④ क्रिएटिव Visualisation :- आत्मबोध व लक्ष्य संबंधी

⑤ Cognitive Behaviour विधि :- व्यवहार में परिवर्तन लाना जैसे → क्रोध से कुशल होना

4(Four)
(Q.Unit-III-B-7)

**(Unit – III) (Section – C)** **(20 Marks)**
**(यूनिट – III) (सेक्शन – C)** **(20 अंक)**

**Part – A** **Marks : 10**
भाग – अ **अंक : 10**

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.
**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **15 - 15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. What is the difference between 'perfect' and 'imperfect' right?
'पूर्ण' एवं 'अपूर्ण' अधिकार के मध्य क्या अंतर है?

पूर्ण अधिकार वे होते हैं जो विधि के स्थापित किये जाते हैं तथा जिनका प्रवर्तन न्यायालय द्वारा किया जाता है जबकि अपूर्ण अधिकारों का प्रवर्तन न्याया० द्वारा नहीं किया जाता है।

1.25(One¼)
(Q.Unit-III-A-1)

2. Define the expression 'right to information' as used in the Right to Information Act, 2005.
सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में प्रयुक्त अभिव्यक्ति 'सूचना का अधिकार' को परिभाषित कीजिए।

RTI अधिनियम-2005 के तहत लोकसंस्थाओं से किसी फाइल, दस्तावेज, नमूने आदि की प्रमाणित प्रति को सबके का

अधिकार प्रदान किया गया है।
→ दस्तावेज की जाँच करना ; नकल उतारना, प्रमाणित प्रति लेना
→ प्रयुक्त सामग्री के नमूने ; डिजीटल सूचना की प्रति लेना

1(One)
(Q.Unit-III-A-2)

3. Write down the meaning of 'Sexual harassment' mentioned under the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013.
महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत उल्लिखित "लैंगिक उत्पीड़न" का अर्थ लिखिए।

इस अधिनियम की धारा-2 के तहत निम्न को शामिल किया -
* शारीरिक स्पर्श
* यौन अनुग्रह की माँग
* अश्लील या भद्दे इशारे करना
* अश्लील टिप्पणी करना
* अन्य किसी भी प्रकार का मौखिक / सांकेतिक व्यवहार

1.25(One¼)
(Q.Unit-III-A-3)

4. Define the term 'relative' as per the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act, 2007.
माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के अनुसार 'नातेदार' पद को परिभाषित कीजिए।

नातेदार :- वह व्यक्ति जिसे सम्पत्ति में हिस्सा दिया गया है अर्थात् वह संपत्ति का उत्तराधिकारी हो एवं वारिस हो उसे नातेदार रखा जाता है। परन्तु अवयस्क शामिल नहीं।

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-III-A-4)

5. Define the term 'Nazul Land'.
'नजूल भूमि' पद की परिभाषा दीजिए।

राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा-③ के तहत राज्य द्वारा अधिकृत भूमि जो ग्राम सर्किल, कस्बा या शहर की सीमा के अन्दर विद्यमान है नजूल भूमि कहलाती है।

1.25(One¼)
(Q.Unit-III-A-5)

## Part – B
भाग – ब

**Marks : 10**
अंक : 10

**Note:** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर **50 - 50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

6. State the contents of "Record of Rights" under the Rajasthan Land Revenue Act, 1956.
राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 में "अधिकार अभिलेख" की अन्तर्वस्तु बताइए।

राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम -1956 के तहत भू-अभिलेख निदेशक द्वारा अधिकार अभिलेख तैयार किया जाता है जिसमें खेवट, खतौनी, माल रजिस्टर शामिल आता है।

अन्तर्वस्तु :- सभी सड़कें, नदियाँ, झीलें, खान व खनिज पेड़, तथा ऐसी जमीन जो किसी अन्य के आधिपत्य में नहीं है वह इसमें शामिल होगी (राज्य की)

2.5(Two½)
(Q.Unit-III-B-6)

7. Explain the term 'Sexual assault' as mentioned in the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012.
लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 में उल्लिखित 'लैंगिक हमला' पद का वर्णन कीजिए।

इस अधिनियम द्वारा लैंगिक हमला :- किसी बच्चे के निजी अंगों या वक्षस्थल को यौन उत्पीड़न के इरादे से छूना या बच्चे से स्वयं के साथ ऐसा करवाना लैंगिक हमला कहलाता है। यदि अपराध यदि निर्दिष्ट परिस्थितियों में निर्दिष्ट व्यक्तियों द्वारा किया जाये तो "गुरुतर लैंगिक हमला" कहलाता है।

धारा - 7 में लैंगिक हमला व
धारा - 8 में सजा = 3 से 5 वर्ष कारावास

1(One)
(Q.Unit-III-B-7)

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की
तैयारी के लिए आज ही **Join** करें

**Rpsc Examiner** यूट्यूब चैनल
**Subscribe** 👉 **CLICK HERE**
**Join YouTube Channel**
👉 **CLICK HERE**
**JOIN TELEGRAM CHANNEL**
👉**CLICK HERE**